Dainik Jagran Dt.19-08-26

# डीएलएड सीईटी की मेरिट के आधार पर होगी काउंसिलिंग

**धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा बोले, 21 से 31 अगस्त तक होगी काउंसिलिंग की प्रक्रिया**

**जागरण संवाददाता, धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से संचालित दो वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा (डीएलएड) सीईटी-2026 के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 21 से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग प्रतिदिन सुबह 10 बजे बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में होगी। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि डीएलएड सीईटी-2026 की मेरिट के आधार पर सरकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) और निजी मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।


राजेश शर्मा • जागरण आर्काइव

काउंसिलिंग में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को दसवीं और जमा दो के प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवास प्रमाण-पत्र, आरक्षित श्रेणी एवं उप-श्रेणी से संबंधित प्रमाण-पत्र, आवश्यक शपथ-पत्र, मूल दस्तावेज और उनकी सत्यापित छायाप्रतियां लानी होंगी। इसके अलावा, बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध बायोडाटा प्रपत्र भी भरकर लाना अनिवार्य होगा।

डा. शर्मा ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस), अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र या शपथ-पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग से पहले सभी दस्तावेज तैयार रखने की सलाह दी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सीट आवंटन के समय अभ्यर्थी की इच्छित संस्था में सीट उपलब्ध होने पर मेरिट के आधार पर केवल एक बार ही सीट आवंटित की जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग से पहले संस्थान का चयन सोच-समझकर करना चाहिए। बोर्ड का उद्देश्य प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और पूरी तरह मेरिट आधारित बनाना है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार प्रवेश मिल सके। काउंसलिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट या कार्यालय पर संपर्क कर सकते हैं।

पंजाब केसरी
WED,19 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , P

# डी.एल.एड. में प्रवेश के लिए काउंसलिंग 21 अगस्त से

धर्मशाला, 18 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डी.एल.एड. सीईटी-2026 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026-28 में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश परीक्षा की मैरिट के आधार पर सरकारी डाईट संस्थानों और निजी मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में सीटें आबंटित की जाएंगी। काउंसलिंग 21 से 31 अगस्त तक बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में रोजाना सुबह 10 बजे से होगी।

बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची और श्रेणीवार सीटों का विवरण वैबसाइट पर जारी कर दिया है। अभ्यर्थियों को 10वीं-12वीं के प्रमाण-पत्र, हिमाचली मूल निवास प्रमाण-पत्र, आरक्षित श्रेणी के मूल दस्तावेज व सत्यापित प्रतियां तथा वैबसाइट से डाऊनलोड किया हुआ बायोडाटा फॉर्म साथ लाना होगा।

बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि काउंसलिंग में मैरिट और सीट उपलब्धता के आधार पर अभ्यर्थी को केवल एक बार सीट आबंटित की जाएगी। इसलिए संस्थान का चयन सोच-समझकर करने की सलाह दी गई है। इस संबंध में बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और मैरिट आधारित रखी जाएगी।

Himachal Dastak
Dt.19-08-2026

# दो वर्षीय डीएलएड सीईटी की काउंसलिंग 21 अगस्त से

हिमाचल दस्तक ▮ धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित दो वर्षीय डीएलएड सीईटी-2026 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए मेरिट के आधार पर काउंसलिंग 21 से 31 अगस्त तक बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में होगी। काउंसलिंग प्रतिदिन सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि सरकारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों तथा निजी मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची और श्रेणीवार आरक्षित सीटों का विवरण बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दिया गया है। अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर दसवीं व जमा दो के प्रमाण पत्र, हिमाचली मूल निवास प्रमाण पत्र, आरक्षित श्रेणी से संबंधित प्रमाण-पत्र, आवश्यक शपथ पत्रों की मूल एवं सत्यापित प्रतियां तथा वेबसाइट पर उपलब्ध जीवनी विवरण प्रपत्र साथ लाना होगा। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा पूर्व सैनिक के आश्रित श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रमाण-पत्र या शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। बोर्ड अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सीट उपलब्ध होने पर मेरिट के आधार पर अभ्यर्थी को केवल एक बार सीट आवंटित की जाएगी। इसलिए काउंसलिंग से पहले इच्छित संस्थान का चयन सावधानीपूर्वक करने की सलाह दी गई है। बोर्ड का उद्देश्य प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और मेरिट आधारित बनाना है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर दिशा-निर्देश देख सकते हैं अथवा दूरभाष संख्या 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

# डीएलएड की सीटें भरने के लिए 21 से 31 अगस्त तक काउंसलिंग

## काउंसलिंग के लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 2813 अभ्यर्थी किए शॉर्टलिस्ट

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से संचालित दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंटरी एजुकेशन (डीएलएड) सीईटी-2026 सत्र 2026-28 के लिए सरकारी और निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में सीटें भरने के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 21 से 31 अगस्त तक होगी। बोर्ड ने 2,813 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए हैं।

बोर्ड की ओर से जारी अधिसूचना के तहत अधिकतम 97 और न्यूनतम 45 अंक पाने वाले काउंसलिंग के लिए शॉर्टलिस्ट किए हैं, जिनकी सूची बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। अभ्यर्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध मेरिट सूची एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि पर दस्तावेजों के साथ बोर्ड मुख्यालय पहुंचें। वेबसाइट पर उपलब्ध बायोडाटा फार्म की प्रति को भरकर साथ लाना होगा।

ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम अधिकारी से सत्यापित शपथ पत्र व प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा। ब्यूरो

Divya Himachal Dt. 19-08-2026

# डीएलएड प्रवेश परीक्षा की मेरिट सूची



**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) सत्र 2026-2028 में प्रवेश के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (सीईटी 2026) की मेरिट सूची और विस्तृत काउंसिलिंग निर्देश जारी कर दिए हैं। बोर्ड द्वारा जारी मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश परीक्षा में 97 अंक प्राप्त कर तमन्ना शेख ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं गौरव सहगल और रितिका 94-94 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे हैं, जबकि अंजलि 92 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही हैं। राज्य के सरकारी डाइट और संबद्ध निजी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों की सीटों को भरने के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया 21 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। काउंसिलिंग बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में रोजाना सुबह दस बजे से शुरू होगी। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि सीटों का आवंटन विशुद्ध रूप से उम्मीदवारों की मेरिट रैंक और उनकी पसंदीदा प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाएगा। काउंसिलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को अपने सभी मूल प्रमाणपत्रों के साथ उनकी स्व-सत्यापित छाया प्रतियां प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों को दसवीं और बारहवीं कक्षा के प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड, श्रेणी/उप-श्रेणी प्रमाण पत्र और आधार कार्ड साथ लाना होगा। इसके अतिरिक्त, विभिन्न आरक्षित श्रेणियों (जैसे ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, आइआरडीपी/बीपीएल और भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों) के लिए निर्धारित समयावधि और सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र या शपथ पत्र जमा करना अनिवार्य रहेगा। बोर्ड प्रशासन ने यह भी सख्त निर्देश जारी किए हैं कि काउंसिलिंग के दौरान एक बार आबंटित की गई सीट को किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जाएगा और न ही संबंधित उम्मीदवार को काउंसिलिंग के अगले चरणों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उम्मीदवार तिथिवार विस्तृत शेड्यूल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। किसी भी प्रकार की पूछताछ या सहायता के लिए अभ्यर्थी बोर्ड के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

# D.El.Ed. CET-2026: Path to becoming a teacher made easier; counseling begins August 21



SANJAY AGGARWAL
DHARAMSHALA AUG 18 : There is great news for youths in Himachal Pradesh aspiring to become primary school teachers. The counseling process for admission to the two-year Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) program —conducted by the Himachal Pradesh Board of School Education for the 2026-28 academic session is set to commence. The counseling process, based on merit, will be held at the Board's headquarters in Dharamshala from August 21 to August 31, 2026. Starting daily at 10:00 AM, this phase will involve the allocation of vacant seats across government District Institutes of Education and Training (DIET) and private recognized colleges throughout the state.

Board Chairman Sharma stated that the date-wise merit list and full details regarding category wise reserved seats have been uploaded to the Board's official website. He has issued strict instructions to candidates to report to the Board headquarters in Dharamshala strictly according to the prescribed schedule. Don't let a minor document error ruin your hard work Candidates participating in the counseling must bring original copies and attested photocopies of their 10th and 12th-grade academic certificates, Himachali Bonafide certificate, documents related to reserved categories/sub-categories, and necessary affidavits. Additionally, it is mandatory to bring a filled-in bio-data form downloaded from the Board's website. Candidates belonging to EWS, OBC, and Wards of Ex-Servicemen categories must present valid certificates or affidavits issued by a competent authority. The Board Chairman clarified that seat allocation would depend entirely on merit and availability. An institute will be allocated to a candidate only once, based on their preference and merit, and no subsequent changes will be possible. Therefore, candidates should determine their preferred institute beforehand. The Board has made special arrangements to ensure the admission process remains completely transparent and fair. For further information or in case of any doubt, candidates may visit the Board's website at www.hpbose.org or contact the helpline number 01892-242192 directly.

डिजिटल अखबार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
18 अगस्त, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com
पहली नजर
आज की ताजा खबर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ

# दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन काउंसलिंग प्रक्रिया 21 अगस्त से

**बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी काउंसलिंग**



पहली नजर ब्यूरो, कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (D.El.Ed.) CET-2026 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र 2026-28 में प्रवेश के लिए मेरिट के आधार पर काउंसलिंग प्रक्रिया 21 अगस्त से 31 अगस्त, 2026 तक आयोजित की जाएगी। यह काउंसलिंग बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आयोजित होगी।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि D.El.Ed. CET-2026 की मेरिट के आधार पर सरकारी DIET तथा निजी मान्यता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार करवाई जा रही है। काउंसलिंग के लिए चयनित अभ्यर्थियों की तिथिवार सूची तथा श्रेणीवार आरक्षित सीटों का विवरण बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि काउंसलिंग में भाग लेने वाले अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध मेरिट सूची एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित तिथि पर बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में उपस्थित हों। अभ्यर्थियों को अपने शैक्षणिक प्रमाण-पत्र (दसवीं एवं जमा दो), हिमाचली मूल निवास प्रमाण-पत्र, आरक्षित श्रेणी/उप-श्रेणी से संबंधित प्रमाण-पत्र तथा आवश्यक शपथ-पत्रों की मूल प्रतियां एवं सत्यापित छायाप्रतियां साथ लाना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध Bio Data Form की प्रति भी भरकर साथ लानी होगी।




### सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रूप से रखें तैयार

उन्होंने बताया कि EWS, OBC तथा Ward of एक्स-सर्विसमैन श्रेणी के अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप के अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित/जारी एफिडेविट अथवा प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे काउंसलिंग से पूर्व सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रूप से तैयार रखें, ताकि प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### मेरिट के आधार पर केवल एक बार सीट होगी आवंटित

अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सीट आवंटन के समय अभ्यर्थी की वांछित संस्था में सीट उपलब्ध होने पर मेरिट के आधार पर केवल एक बार सीट आवंटित की जाएगी। इसलिए अभ्यर्थियों को काउंसलिंग से पूर्व अपनी इच्छित संस्थान का चयन एवं सीट की मांग सावधानीपूर्वक सुनिश्चित करनी होगी।

### अधिक जानकारी के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देश देखें

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि बोर्ड का उद्देश्य D.El.Ed. प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं मेरिट आधारित बनाना है, ताकि योग्य अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप प्रवेश का अवसर मिल सके। काउंसलिंग से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देश देख सकते हैं अथवा दूरभाष संख्या 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

AUGUST 19, 2026 WEDNESDAY HIMACHAL PRADESH

# The Sunny Times

# HIMACHAL BOARD ANNOUNCES STRICT 10-DAY D.EL.ED. COUNSELLING SCHEDULE

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



The race to secure a coveted seat in Himachal Pradesh's primary teacher training programs reaches its defining stretch this week. The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially rolled out the counselling schedule for admission into the two-year Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) for the 2026–28 academic session, turning the board's Dharamshala headquarters into a buzzing hub of anticipation from August 21 to August 31, 2026.

Starting daily at 10:00 AM, the high-stakes selection process will determine seat allocations across all government District Institutes of Education and Training (DIETs) and affiliated private colleges throughout the state. HPBOSE Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that the comprehensive, date-wise merit rosters along with category breakdown details are already accessible on the board's official portal, advising candidates to strictly adhere to their assigned slots.

For aspiring teachers, precision on counselling day will make all the difference. Candidates must present original credentials alongside verified photocopies, covering Class 10 and 12 mark sheets, Himachali bonafide certificates, category and sub-category documentation, relevant affidavits, and the pre-filled biodata form available online. Those claiming benefits under EWS, OBC, or wards of ex-servicemen categories must ensure their proofs are issued strictly by competent authorities, as missing paperwork could instantly derail an application.

The board has underscored that college allocation remains strictly a one-time opportunity governed purely by merit and real-time seat availability, with zero allowance for subsequent transfers or modifications. With complete transparency anchored as the top priority, officials have urged candidates to finalize their institutional preferences in advance and monitor updates via the official website (www.hpbose.org) or the direct helpline at 01892-242192.

Emphasizing the state government's zero-tolerance stance on corruption, the former mayor insisted that legal inquiries must be fought with facts, financial records, and official documents, not political theatrics. He asserted that the people of Dharamshala see right through this forced show of solidarity and demanded that the vigilance bureau conduct a completely independent and uncompromised investigation, reaffirming that no politician stands above the law.